सीयूजे के लिए होगा जमीन अधिग्रहण

15 एकड़ जमीन का किया जाएगा अधिग्रहण

01 अक्तूबर को भू-अर्जन में दर्ज होगी आपत्ति

रांची, विशेष संवाददाता। केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड को जमीन उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। फिलहाल इसके लिए करीब 15 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आदेश जारी कर दिया है। जमीन का अधिग्रहण कांके अंचल के मनातू मौजा में किया जा रहा है। मनातू मौजा की 15.82 एकड़ जमीन के अधिग्रहण की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

इस संबंध में उपायुक्त की ओर से आम सूचना भी जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि जमीन अधिग्रहण की सूचना 22 मार्च को जारी की गई थी। इसके आलोक में रैयतों या कोई भी हितधारक अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिला भू अर्जन कार्यालय में एक अक्तूबर को दिन के 11.30 बजे से आपत्ति दर्ज की जाएगी। इस दिन दो अलग-अलग भूखंडों के अधिग्रहण की आपत्ति दर्ज की जाएगी। एक में 11 और दूसरे भूखंड में सात लोगों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है। आपत्ति दर्ज कराने वालों को सभी दस्तावेज के साथ आने को कहा गया है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय रांची की जमीन सहित अन्य समस्याओं को लेकर बुधवार को राज्यपाल रमेश बैस ने राजभवन में बैठक की थी।

रिंग रोड से सीयूजे तक बनेगी सड़क : रिंग रोड से सीयूजे तक नई सड़क भी बनेगी। 1.78 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के लिए भी जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इसके लिए 27 सितंबर को ग्रामसभा का आयोजन किया गया है। मनातू के पंचायत भवन में दोपहर 12:30 बजे बैठक शुरू होगी। इसमें ग्रामीणों को जमीन अधिग्रहण का उद्देश्य, इसके लाभ एवं अन्य विषयों की जानकारी दी जाएगी।